A-PO – 2016 (Main)

No. of Printed Pages : 4

APA-02

2016

सामान्य हिन्दी

प्रश्न–पत्र (द्वितीय)

निर्धारित समय : तीन घण्टे] ***[पूर्णांक : 100***

Time allowed : Three Hours] ***[Maximum Marks : 100***

नोट : *(i)* ***सभी*** *प्रश्न अनिवार्य हैं ।*

(ii) प्रत्येक प्रश्न के अंक उसके दाहिनी ओर अंकित हैं ।

(iii) पत्र–लेखन में अपना नाम, पता तथा अनुक्रमांक न लिखें । यदि अनिवार्य हो तो क्ष, त्र, ज्ञ (X, Y, Z) लिख सकते हैं ।

1. किसी **एक** विषय पर लगभग **300** शब्दों में निबंध लिखिए : **15**

(क) आम आदमी और विधिक जागरूकता

(ख) घरेलू हिंसा और नारी

(ग) विज्ञान से देश की प्रगति

2. प्रत्येक देश में उच्च शिक्षा को विशेष महत्त्व दिया जाता है क्योंकि उच्च कोटि के वैज्ञानिक, साहित्यकार, नेता तथा दार्शनिक विश्वविद्यालयों के प्रांगण से ही उत्पन्न होते हैं । उच्च कोटि के सत्यान्वेषण के लिए विश्वविद्यालय ही प्रयोगशालाएँ हैं । ज्ञान के क्षेत्र को विस्तृत बनाने के लिए विश्वविद्यालय महत्त्वपूर्ण योगदान कर सकते हैं । इंग्लैंड, अमेरिका, रूस तथा अन्य देशों में प्राथमिक शिक्षा को आधार–शिला माना गया है । उच्च शिक्षा का यही स्थान भारत में भी है । प्राचीन काल में गुरुकुलों और आश्रमों में उच्च शिक्षा की सुन्दर व्यवस्था थी । आधुनिक काल में भी उच्च शिक्षा की निरन्तर प्रगति हो रही है । उच्च शिक्षा के क्षेत्र में कतिपय समस्याएँ हैं जिनका निराकरण होना अति आवश्यक है तभी उसमें गुणात्मक सुधार आ सकता है ।

(क) इस गद्यांश का भावार्थ लिखिए । **3**

(ख) रेखांकित अंशों का आशय अपनी भाषा में स्पष्ट कीजिए । **5**

(ग) उपर्युक्त गद्यांश का सटीक शीर्षक दीजिए । **2**

3. निम्नलिखित गद्यांश का संक्षेपण कीजिए : 5

कई बार हम यह सोचकर ही हार मान लेते हैं कि यह काम मुझसे नहीं होगा, ऐसा इसलिए होता है कि हम अपने अंदर की एकाग्रता और शक्ति को नहीं पहचानते । महात्मा गांधी ने कहा था, 'कुछ जीतने से तुम शक्तिशाली नहीं बनते, बल्कि संघर्ष के आगे न झुकने की जिद्द ही तुमको शक्तिशाली बनाती है ।' यदि हम इस बात को समझ सकें तो अपने अंदर की शक्ति को पहचानना हमारे लिए कोई मुश्किल नहीं ।

4. कार्यालय के किसी कर्मचारी के, बिना सूचना दिए अनुपस्थित रहने की, अधीनस्थ कर्मचारी द्वारा की गयी लिखित शिकायत पर टिप्पण लिखिए । 5

5. किन्हीं **पाँच** शब्दों के विलोम शब्द लिखिए : 5

अनुकूल, कृतज्ञ, प्रधान, सम्पन्न, सुगम, आमिष, सामान्य, निन्दा, समष्टि, परतंत्र

6. किन्हीं **पाँच** समोच्चरित शब्द-युग्मों के अर्थ स्पष्ट कीजिए : 5

(क) अनल – अनिल
(ख) कटि – कोटि
(ग) चिर – चीर
(घ) नीरद – नीरज
(ङ) परिमाण – परिणाम
(च) बली – बलि
(छ) कृति – कृती
(ज) शुचि – सूची
(झ) गृह – ग्रह
(ञ) जठर – जरठ

7. निम्नलिखित अंग्रेजी गद्यांश का हिन्दी में अनुवाद कीजिए : 10

Watching a tigress with her cubs is an exhilarating experience. A mother will rarely leave her cubs unattended for the first two months, and will act as their mother, trainer and protector till they are about eighteen months old, when they are ready to venture out on their own. This image captures a playful moment between a mother and her cubs.

8. किन्हीं **पाँच** शब्द समूहों के लिए **एक-एक** शब्द लिखिए : 5

(क) जिसकी गर्दन सुन्दर हो
(ख) जिसका अंत न हो
(ग) इतिहास को जानने वाला
(घ) जो आँखों के सामने हो
(ङ) एक ही बात बार-बार कही जाए
(च) जो ईश्वर पर विश्वास नहीं करता

(छ) थोड़ा जानने वाला

(ज) जिसे कभी बुढ़ापा न आए

(झ) परस्पर एक-दूसरे पर आश्रित

(ञ) जो बाद में अधिकारी बने

9. निम्नलिखित में से किन्हीं **पाँच** उपसर्गों से पाँच शब्द बनाइए : 5

अभि, अधि, नि, प्रति, अन, अध, आ, प्र, उप, अनु

10. निम्नलिखित में से किन्हीं **पाँच** पारिभाषिक शब्दावली का हिन्दी में रूपान्तरण कीजिए : 5

(क) Criminal Investigation Department

(ख) Department of Legal affairs

(ग) Junior Law Assistant

(घ) Legality

(ङ) Mortgaged property

(च) Non-judicial

(छ) Official version

(ज) As a rule

(झ) Benefit of doubt

(ञ) Highly objectionable

11. निम्नलिखित अशुद्ध वाक्यों में से किन्हीं **पाँच** को शुद्ध कीजिए : 5

(क) हमारे जानवर इधर-उधर भटकते हुए पड़ोसियों के खेत में जा पहुँचे ।

(ख) निरपराधी को दंड नहीं मिलना चाहिए ।

(ग) उसकी आँखों से आँसू बह रहा है ।

(घ) वह आरोग्य हो गया ।

(ङ) यह सुनकर मेरा होश उड़ गया ।

(च) नेता जी का सादरपूर्वक स्वागत हुआ ।

(छ) वह खिलौना तोड़ दी ।

(ज) कब आपका दर्शन होगा ?

(झ) उत्तराखण्ड में अनेकों स्थल दर्षनीय हैं ।

(ञ) आप बुलाओ तो मैं कल आ जाऊँगा ।

12. किन्हीं **पाँच** मुहावरों–लोकोक्तियों का अर्थ लिखकर वाक्यों में प्रयोग कीजिए : 5

(क) कमर टूटना

(ख) नाक में दम करना

(ग) मुँह में लगाम न होना

(घ) हाथ की कठपुतली बनना

(ड़) पीठ दिखाना

(च) गरदन पर सवार होना

(छ) घर की मुर्गी दाल बराबर

(ज) मुँह में राम बगल में छुरी

(झ) जैसे नागनाथ वैसे साँपनाथ

(ञ) ऊँची दुकान फीका पकवान

13. अपने 'कार्यालय के लिए परिसर की आवश्यकता' से सम्बन्धित प्रेस विज्ञप्ति तैयार कीजिए । 10

अथवा

परिपत्र की परिभाषा लिखिए और उसका एक उदाहरण प्रस्तुत कीजिए ।

14. आधुनिक युग में कार्यालय के लिए कम्प्यूटर क्यों अनिवार्य है ? 'पेपरलेस' का सिद्धान्त क्यों लागू होना चाहिए ? कम्प्यूटर के प्रयोग से काम में कौन–सी सुविधाएँ मिल जाती हैं ? उल्लेख कीजिए । 10